राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–**prrajbhavan@gmail.com**
मो॰–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने डॉ॰ राममनोहर लोहिया की जयन्ती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

पटना, 23 मार्च 2018

महामहिम राज्यपाल श्री सत्य पाल मलिक एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने महान समाजवादी नेता एवं चिन्तक डॉ॰ राममनोहर लोहिया की जयन्ती के अवसर पर आज लोहिया उद्यान, लोहिया नगर, पटना स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

उपर्युक्त राजकीय समारोह में उपमुख्यमंत्री श्री सुशील कूमार मोदी, पथ–निर्माण मंत्री श्री नंद किशोर यादव, ग्रामीण विकास एवं संसदीय कार्यमंत्री श्री श्रवण कुमार सहित कई विधायकगण, विधान पार्षदगण, जन–प्रतिनिधिगण, विभिन्न राजनीतिक–सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी/प्रतिनिधिगण, वरीय पदाधिकारीगण, गणमान्य जन आदि ने भी डॉ॰ लोहिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

इस अवसर पर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती–पूजन एवं देशभक्तिपूर्ण गीतों के गायन कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

....